# प्रयोरिटी मोड: राइड रिक्वेस्ट का प्रयोरिटी एक्सेस पाएं

हम जानते हैं कि जब आप ऑनलाइन होते हैं, तो आप पैसे कमाने में व्यस्त रहना चाहते हैं। 24 अगस्त से, **प्रयोरिटी मोड** आपको दूसरे ड्राइवरों से पहले ही राइड रिक्वेस्ट का एक्सेस देगा, इससे दो राइड के बीच वाला समय कम हो जाएगा, ताकि आप कुल मिलाकर अधिक पैसे कमा सकें।

### प्रयोरिटी मोड कैसे काम करता है

- **आप चुनेंगे कि इसे कब चालू करना है**
  प्रयोरिटी मोड को कब चालू करना है, इसे आप कन्ट्रोल कर सकते हैं — इसका उपयोग करना ऑप्शनल है, और आप इसका प्रयोग किए बिना भी किसी भी समय ऑनलाइन हो सकते हैं। प्रत्येक सप्ताह आपको कुछ प्रयोरिटी घंटों का एक्सेस मिलेगा।
- **जब यह उपलब्ध हो, तो इसका उपयोग करें**
  एक दिए गए समय पर प्रयोरिटी मोड का उपयोग करने वाले ड्राइवरों की संख्या हम सीमित रखते हैं — इसलिए यदि यह उपलब्ध ना हो, तो बाद में चेक करें।
- **राइड रिक्वेस्ट का प्रयोरिटी एक्सेस**
  प्रयोरिटी मोड से राइड रिक्वेस्ट के बीच के समय को कम करने में मदद मिलती है। दूसरे ड्राइवर जिनके पास प्रयोरिटी नहीं होगी, आपको उनसे पहले ही राइड रिक्वेस्ट मिल जाएंगी, ताकि आप सड़क पर अपने समय को ज्यादा से ज्यादा कर सकें।

### आपकी अर्निंग का तरीका

प्रयोरिटी मोड में प्रत्येक राइड के लिए आपका रेट कम रहेगा — **लेकिन चूंकि आप कुल मिलाकर अधिक राइड पाएंगे, ऐसे में आप अधिक पैसे कमाएंगे।** अपने प्रयोरिटी रेट देखने के लिए 24 अगस्त के बाद अपने ड्राइवर ऐप को चेक करें।

### प्रयोरिटी मोड में पैसे कैसे कमाएं

- **सुझाव #1:** जब यह उपलब्ध हो, तो अपनी अर्निंग बढ़ाने के लिए इसे चालू करें। इससे राइड रिक्वेस्ट के बीच का समय कम हो जाएगा।
- **सुझाव #2:** इसे लम्बे समय तक चालू रखें। जैसे ही कोई नई राइड रिक्वेस्ट आएगी, आपको प्रयोरिटी एक्सेस मिलता रहेगा।

### अक्सर पूछे जाने वाले सवाल

### Lyft ने प्रयोरिटी मोड क्यों पेश किया है?

हम हमेशा नए फीचर्स पर काम करते रहते हैं, जैसे कि प्रयोरिटी मोड, ताकि ड्राइवर सड़क पर अपने समय का अधिकतम

सदुपयोग कर सकें। जब हमने देखा कि कोविड-19 के कारण ड्राइवरों की कमाई काफी कम हो गई, तो हमने तुरन्त ही एक पायलट-प्रोजेक्ट लॉन्च किया, जिसने ड्राइवरों को पहले की तुलना में प्रयोरिटी मोड की सहायता से लगभग दोगुना पैसे कमाने में मदद की। पायलट-प्रोजेक्ट में हमें ड्राइवरों के काफी सकारात्मक फीडबैक मिले, उसके परिणामस्वरूप हमने इस फीचर का एक नया वर्जन लॉन्च किया है।

**प्रयोरिटी मोड कब उपलब्ध होता है?**

प्रयोरिटी मोड केवल तभी उपलब्ध होता है, जब आप कुल मिलाकर अधिक पैसे कमा सकते हैं। हम इसके एक्सेस को सीमित रखते हैं, ताकि प्रयोरिटी ड्राइवर्स को खूब सवारियां मिल सकें और नॉन-प्रयोरिटी ड्राइवर्स की तुलना में अधिक पैसे कमा सकें।

**क्या प्रयोरिटी मोड ऑप्शनल है?**

हां, आप प्रयोरिटी मोड को चालू करना चाहते हैं या नहीं, इसे चुनना आपके हाथ में रहेगा — इसका उपयोग करना ऑप्शनल है, और आप इसका प्रयोग किए बिना भी किसी भी समय ऑनलाइन हो सकते हैं।

**प्रयोरिटी मोड का उपयोग करने के लिए सबसे अच्छा समय कब होता है?**

हमारा सुझाव है कि आप प्रयोरिटी मोड का उपयोग तब करें जब यह उपलब्ध हो, तथा आपके पास कम राइड रिक्वेस्ट हों। प्रयोरिटी मोड में, आपको दूसरे ड्राइवरों की तुलना में राइड रिक्वेस्ट के लिए प्राथमिकता मिलेगी, जिससे दो राइड के बीच का वेटिंग टाइम कम हो जाता है।

**मैं प्रत्येक सप्ताह में कितने घंटे प्रयोरिटी मोड का उपयोग कर सकता हूं?**

उपलब्ध प्रयोरिटी घंटों की संख्या प्रत्येक सप्ताह अलग-अलग होगी, यह बात बाजार की स्थितियों पर निर्भर करेगी।

**मैं प्रयोरिटी घंटों को कितनी देर तक चालू रख सकता हूं, क्या इसकी कोई सीमा है?**

नहीं, जब आप प्रयोरिटी मोड में होंगे, तो आपके पास उस सप्ताह में जितने प्रयोरिटी मोड घंटे शेष बचे होंगे, आप उतने घंटों में से मनचाहे समय तक इस मोड में रह सकते हैं।

**क्या मैं किसी भी समय प्रयोरिटी मोड को बंद कर सकता हूं?**

हां, आप अपनी स्क्रीन में सबसे नीचे प्रयोरिटी मोड वाली पंक्ति पर टैप कर सकते हैं, ऐसा करने पर 'बंद करें' बटन प्रदर्शित होगा। आप 'लास्ट राइड" फीचर का भी प्रयोग कर सकते हैं, और राइड के दौरान ही प्रयोरिटी मोड को बंद कर सकते हैं।

**प्रयोरिटी मोड क्यों अनुपलब्ध होता है?**

प्रयोरिटी मोड निम्नलिखित में से किसी भी कारण से अनुपलब्ध हो सकता है:

- आपने सप्ताह के लिए अपने पूरे प्रयोरिटी घंटों का प्रयोग कर लिया है। आपके स्थानीय समय के अनुसार प्रत्येक सोमवार को सुबह 5 बजे घंटे रीसेट होते हैं।
- कोई भी प्रयोरिटी मोड स्पॉट शेष नहीं बचे हैं। प्रयोरिटी अर्निंग को हाई बनाए रखने के लिए हम एक निश्चित समय

पर इस फीचर का प्रयोग करने वाले ड्राइवरों की संख्या सीमित रखते हैं। किसी निश्चित समय पर हम कितने प्रयोरिटी ड्राइवरों को अनुमति देते हैं, यह बात बाजार की स्थितियों पर निर्भर करेगी।

- प्रयोरिटी मोड केवल उन्हीं ड्राइवरों के लिए उपलब्ध है, जो अपनी वरीयताओं में सभी राइड टाइप को स्वीकार करते हैं। प्रयोरिटी मोड रेट अभी केवल स्टैंडर्ड राइड पर लागू होते हैं, लेकिन फिर भी आपके पास Lyft XL, Lux, Lux Black, या Lux Black XL के लिए रिक्वेस्ट आ सकती हैं।
- प्रयोरिटी मोड एयरपोर्ट पर उपलब्ध नहीं है, और इससे एयरपोर्ट क्यू पर कोई असर नहीं पड़ता है।
- प्रयोरिटी मोड अभी केवल चुनिंदा क्षेत्रों में उपलब्ध है।

**प्रयोरिटी मोड को बंद कर देने पर अथवा सप्ताह के प्रयोरिटी घंटे पूरे हो जाने के बाद क्या होता है?**

ड्राइवर्स प्रयोरिटी मोड के बिना भी ऑनलाइन हो सकते हैं, लेकिन शायद उन्हें कम राइड रिक्वेस्ट देखने को मिलें। नॉन-प्रयोरिटी ड्राइवरों की तुलना में प्रयोरिटी ड्राइवरों को राइड रिक्वेस्ट मिलने की अधिक सम्भावना रहती है।

**यदि मैं एक सप्ताह में अपने प्रयोरिटी घंटों का उपयोग नहीं करता, तो क्या मैं इन्हें अगले सप्ताह में इस्तेमाल कर सकूंगा?**

नहीं, आपके प्रयोरिटी मोड घंटे उपयोग ना किए जाने की स्थिति में अगले सप्ताह में कैरी ओवर नहीं होते हैं।

**क्या सभी ड्राइवरों के पास प्रयोरिटी मोड का एक्सेस होता है?**

अभी मायामी, ऑस्टिन और टोरंटो एरिया में केवल कुछ सीमित संख्या में ड्राइवरों के पास प्रयोरिटी मोड का एक्सेस है। हम उन एरिया (एवं अन्य एरिया) में और अधिक ड्राइवरों के लिए यह अनुभव उपलब्ध कराने की दिशा में काम कर रहे हैं।

**क्या प्रयोरिटी मोड का उपयोग करने के लिए मुझे किसी विशेष एरिया में ड्राइव करना होगा?**

प्रयोरिटी ड्राइविंग केवल मायामी, ऑस्टिन तथा टोरंटो एरिया में उपलब्ध है।

**प्रयोरिटी मोड का रेट कार्ड कम क्यों है?**

प्रयोरिटी रेट कार्ड हमें प्रत्येक राइड की कॉस्ट कम करने में मदद करता है। इस अंतर का प्रयोग राइड रिक्वेस्ट बढ़ाने में मदद करने के लिए किया जाएगा। जब राइड रिक्वेस्ट अधिक होंगी तो आप सड़क पर अधिक व्यस्त रह सकते हैं। यह हमें राइड रिक्वेस्ट के बीच के वेटिंग टाइम को कम करने में मदद करता है, इसका मतलब है कि आप कुल मिलाकर और अधिक पैसे कमा सकते हैं।

**प्रयोरिटी मोड चालू होने पर मेरी पेमेन्ट कैसे कैलक्युलेट की जाती है?**

आपकी पेमेन्ट की कैलक्युलेशन प्रयोरिटी रेट कार्ड के अनुसार की जाएगी। प्रयोरिटी मोड में, आपकी प्रत्येक राइड का रेट कम रहेगा, लेकिन आप अधिक राइड पा सकते हैं। अपने प्रयोरिटी मोड रेट देखने के लिए अपने ड्राइवर ऐप को चेक करें।

**मुझे कैसे मालूम होगा कि मैंने प्रयोरिटी मोड में अधिक पैसे कमाए हैं?**

प्रयोरिटी मोड में आपके कुछ शुरुआती घंटों के बाद हम आपको एक ईमेल भेजेंगे, जिसमें बाजार में ठीक उतने ही समय के

दौरान नॉन-प्रयोरिटी ड्राइवरों की तुलना में आपने प्रयोरिटी मोड में जो अर्निंग की होगी, उसका सारांश उस ईमेल में होगा।

**क्या प्रयोरिटी मोड के कारण मुझे मिलने वाले अन्य बोनस पर असर पड़ेगा?**

नहीं, आप प्रयोरिटी मोड में होने के दौरान भी अन्य बोनस प्राप्त करने के लिए पात्र बने रहेंगे।

**जब मेरे पास प्रयोरिटी मोड घंटे शेष नहीं बचे होंगे, तो क्या मैं ऑनलाइन हो सकता हूं?**

आप प्रयोरिटी मोड घंटे पूरे खत्म हो जाने के बावजूद भी किसी भी समय ऑनलाइन होने में सक्षम रहेंगे। आप अपने Lyft Driver ऐप में ड्राइव हेतु सबसे अधिक अर्निंग वाले समय और स्थान की नवीनतम जानकारी देख सकते हैं।

**मेरे प्रयोरिटी घंटे कब रीसेट होंगे?**

आपके प्रयोरिटी मोड घंटे आपके स्थानीय समय के अनुसार प्रत्येक सोमवार को सुबह 5 बजे रीसेट हुआ करेंगे।

**क्या प्रयोरिटी मोड एयरपोर्ट पर काम करता है?**

नहीं, प्रयोरिटी मोड अभी एयरपोर्ट पर उपलब्ध नहीं है।

**कौन से राइड टाइप, प्रयोरिटी मोड के लिए पात्र हैं?**

प्रयोरिटी मोड अभी केवल स्टैंडर्ड राइड रिक्वेस्ट के लिए उपलब्ध है। आपके पास Lyft XL, Lux, Lux Black, या Lux Black XL की राइड रिक्वेस्ट आ सकती हैं, लेकिन आपको उन रिक्वेस्ट का प्रयोरिटी एक्सेस नहीं मिलेगा।

**क्या मैं प्रयोरिटी मोड के साथ 'डेस्टिनेशन' फिल्टर प्रयोग कर सकता हूं?**

प्रयोरिटी मोड उस समय सबसे अधिक कारगर होता है, जब आप 'डेस्टिनेशन' फिल्टर का प्रयोग नहीं करते हैं। आप प्रयोरिटी मोड चालू होने के दौरान 'डेस्टिनेशन' फिल्टर प्रयोग कर सकते हैं, लेकिन इसके कारण राइड रिक्वेस्ट की संख्या कम हो जाएगी, जो आपको अन्यथा मिलती।

**प्रयोरिटी मोड के कारण एसेंशियल डिलीवरीज प्रोग्राम पर क्या असर पड़ता है?**

आप प्रयोरिटी मोड में होने पर भी डिलीवरी राइड को पूरा करने की रिक्वेस्ट प्राप्त कर सकते हैं। प्रयोरिटी मोड चालू होने के दौरान वाली सभी ट्रिप की आपकी पेमेन्ट कैलक्युलेट करने के लिए प्रयोरिटी मोड रेट कार्ड का प्रयोग किया जाएगा, इसमें डिलीवरी राइड भी शामिल हैं।